देश भर से युवा प्रतिभागियों ने सांसदों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में डॉ. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी।

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर, 2022 : राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री मल्लिकार्जुन खड़गे; संसद सदस्यों, पूर्व सांसदों तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने आज पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा एवं राज्य सभा के महासचिव क्रमशः श्री उत्पल कुमार सिंह तथा श्री पी.सी. मोदी ने भी डॉ. राजेंद्र प्रसाद को पुष्पांजलि अर्पित की।

देश भर से चुने गए युवा प्रतिभागियों ने शिक्षा मंत्रालय तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के समन्वय से डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी और चयनित प्रतिभागियों ने डॉ प्रसाद के प्रति सम्मान भाव से अपने विचार व्यक्त किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्ट जनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी एवं अंग्रेजी में प्रकाशित डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकृष्णन ने 5 मई 1964 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।